**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**19.07.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में स्वास्थ्य विभाग की एक बैठक में उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जनों की भर्ती के लिए एक प्रस्ताव जल्द ही मंत्रिमंडल के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और चिकित्सा महाविद्यालयों व अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला के चमियाणा स्थित अत्याधुनिक अस्पताल में एम्स की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाओं प्रदान की जाएंगी।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने अधिकारियों को केंद्र प्रायोजित विकास योजनाओं के कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। ऊना में आज ज़िला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अनुराग ठाकुर ने सांसद निधि से मंज़ूर किए गए सभी कार्यों को इस वर्ष दिसंबर तक पूरा करने को कहा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में अरबों रूपए के विकास कार्य चल रहे हैं।

**अग्निहोत्री**

राज्य सरकार ने ऊना ज़िले के हरोली में सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय में 60 बिस्तरों वाले बालिका छात्रावास के निर्माण के लिए लगभग 5 करोड़ रूपये मंजूर किए हैं। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि सरकार बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि छात्रावास के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को ठहरने की बेहतर सुविधा मिलेगी। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली कॉलेज भवन के निर्माण पर लगभग 16 करोड़ रूपये की लागत आई है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र की कुठाड़ी पंचायत के टूटूपानी में लगभग 7 करोड़ रूपये से बने सेब ग्रेडिंग और पैकिंग हाऊस का उद्घाटन किया। इसकी क्षमता 5 हज़ार 6 सौ टन है। रोहित ठाकुर ने कहा कि इसका निर्माण विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित बागवानी विकास योजना के तहत किया गया है और गुम्मा, रोहड़ू, कुमारसैन और किन्नौर में विभिन्न कोल्ड स्टोर

बनाए जा चुके हैं। बाद में शिक्षा मंत्री ने राजकीय उच्च विद्यालय नालबान भवन का उद्‌घाटन भी किया।

## परिवहन सब्सिडी

कामधेनु हितकारी सोसायटी से जुड़े दूध उत्पादकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट कर दुग्ध समितियों के लिए परिवहन सब्सिडी डेढ़ रूपये से बढ़ाकर 3 रूपये प्रति लीटर करने पर उनका आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस निर्णय से सोसायटी से जुड़े लगभग 6 हज़ार परिवार लाभान्वित होंगे और राज्य सरकार दूध उत्पादकों को परिवहन सब्सिडी प्रदान करने वाली देश की पहली सरकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों से गाय का दूध 51 रूपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 61 रूपये प्रति लीटर की दर से खरीद रही है।

.................................................................................................................................................